पंजीकरण सं. आर.एन. 40596/83 डाक पंजी. संख्या-जी-3-डी.एल. (एन.)/084/24-26 प्रकाशित 16.08.2025 इस अंक का मूल्य 2 रूपये



।। ओ३म् ।।

# युवा उद्घोष

केन्द्रीय आर्य युवक परिषद् (पंजीकृत) का पाक्षिक शंखनाद

Join—http://www.facebook.com/groups/aryayouth/

कार्यालय : आर्य समाज कबीर बस्ती, दिल्ली-110007, चलभाष : 9810117464, 9868051444

**दानदाताओं से अपील**

केन्द्रीय आर्य युवक परिषद् के कार्य व गतिविधियों में सहयोग करने हेतु **खाता संख्या 10205148690 स्टेट बैंक आफ इण्डिया,** घन्टाघर, दिल्ली– 110007, **आई. एफ. एस. कोड** SBIN0001280 पर सीधे भेज कर हमें फोन न. **9810117464** पर एस.एम.एस कर दें या **9868051444** पर googlepay कर दें।

–अनिल आर्य

वर्ष-42 अंक-06 भाद्रपद-2082 दयानन्दाब्द 201 16 अगस्त से 31 अगस्त 2025 (द्वितीय अंक) कुल पृष्ठ 4 वार्षिक शुल्क 48 रु.
प्रकाशित: 16.08.2025, E-mail : yuva.udghosh1982@gmail.com aryayouthgroup@yahoogroups.com Website : www.aryayuvakparishad.com

# आर्य समाज कबीर बस्ती में स्वतंत्रता दिवस सम्पन्न

## स्वतंत्रता संग्राम में आर्य समाजियो का सर्वाधिक योगदान– राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल आर्य






मंगलवार 12 अगस्त 2025, केन्द्रीय आर्य युवक परिषद के तत्वावधान में मुख्यालय आर्य समाज कबीर बस्ती पुरानी सब्ज़ी मंडी दिल्ली में स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में राष्ट्रीय ध्वज लहराया गया ५ कार्यक्रम का शुभारंभ आचार्य महेन्द्र भाई ने ष्राष्ट्र रक्षा यज्ञष के साथ हुआ. उन्होंने कहा कि यज्ञ की अग्नि सदैव उपर की और जाती है जो जीवन में आगे बढ़ने का संदेश देती है। केन्द्रीय आर्य युवक परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल आर्य ने कहा कि महर्षि दयानन्द से प्रेरणा लेकर अनेको नौजवान आजादी की लड़ाई में कूद पड़े और कॉंग्रेस के इतिहास कार डॉ. सीता जी रामया ने कहा कि स्वतंत्रता आंदोलन में जैलो में बन्द 80 प्रतिशत आर्य समाजी थे ५ आज सभी को राष्ट्र रक्षा का संकल्प लेना है और राष्ट्र विरोधी ताकतों को बेनकाब करना है स जातिवाद प्रांत बाद से ऊपर उठ कर राष्ट्र को मजबूत बनाना है क्योंकि राष्ट्र रहेगा तो सब सुरक्षित रहेगे। इस अवसर सुनील खुराना, राम चन्द्र सिंह ,हरीश कुमार, अवधेश कुमार सिंह आदि उपस्थित थे।



**दिल्ली चलो** **दिल्ली चलो**

## केन्द्रीय आर्य युवक परिषद के 48 वे स्थापना दिवस पर राष्ट्रीय संगोष्ठी

## सानिध्यः डॉ. अशोक कुमार चौहान

## 150 वाँ आर्य समाज स्थापना वर्ष के उपलक्ष्य 'आर्य समाज कल आज और कल'

रविवार 14 सितंबर 2025, प्रातः 9 बजे से दोपहर 2.00 बजे तक

स्थानः आर्य समाज डिफेंस कॉलोनी, नई दिल्ली

कृपया अपनी डायरी में नोट कर ले और साथियों सहित पहुंचे।

अनिल आर्य, अध्यक्ष आनंद चौहान संरक्षक अजय चौहान स्वागत अध्यक्ष महेन्द्र भाई राष्ट्रीय महासचिव धर्मपाल आर्य कोषाध्यक्ष

# आर्य समाज सूर्य निकेतन में स्वतंत्रता दिवस सम्पन्न




वीरवार 15 अगस्त 2025, आर्य समाज सूर्य निकेतन पूर्वी दिल्ली में स्वतंत्रता दिवस मनाया गया परिषद अध्यक्ष अनिल आर्य ने ध्वजारोहण किया, प्रधान यशोवीर आर्य को सम्मानित करते अनिल आर्य .यज्ञ के ब्रह्मा आचार्य महेन्द्र भाई ने राष्ट्र रक्षा यज्ञ करवाया

# सोनीपत विजय हाई स्कूल में युवा संस्कार सम्पन्न





सोनीपत, बुधवार 13 अगस्त को केन्द्रीय आर्य युवक परिषद् के तत्वावधान में 'विजय हाई स्कूल' सिक्का कालोनी में युवा संस्कार समारोह आयोजित किया गया। यह स्कूल शिक्षा के साथ–साथ नैतिकता व उत्तम संस्कारों के कारण अपनी अलग पहचान रखता है। इसकी स्थापना श्री मनोहर चावला जी ने इसी उद्देश्य को सामने रख कर की थी। अब उनके सुपुत्र श्री जितेन्द्र चावला व श्रीमती शालिनी चावला जी इसको उत्तरोत्तर आगे बढ़ा रहे हैं। यज्ञ के ब्रह्मा आचार्य महेन्द्र भाई ने कहा कि स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मन–बुद्धि–चित्त का वास होता है। हम सत्य सोचें, सत्य कहें और सत्य ही जीवन में आचरण करें तो हम ईश्वर के निकट आते हैं। संस्कारों का जीवन में बहुत महत्वपूर्ण स्थान है जो हमें माता–पिता, गुरूजनों व सत्संगति से प्राप्त होते हैं। शिक्षा हमें अच्छा डाक्टर, इन्जीनियर, नेता, वकील, जज आदि तो बना सकती है परन्तु एक आदर्श इन्सान नहीं बना सकती है। हम अपने बच्चों को सब सुख–सुविधाओं के साथ अच्छे संस्कारों को देना कभी ना भूलें। संस्कारी युवा ही राष्ट्र की अनमोल सम्पत्ति है। उन्होंने कहा कि महर्षि दयानन्द सरस्वती जी से प्रेरणा पाकर सैंकड़ों आर्य युवकों ने भारत को स्वतंत्रता दिलाने में अपने जीवन को बलिदान कर दिया। हजारों की संख्या में जेलों में यातनायें झेली। कांग्रेस का इतिहास बताता है कि भारत की स्वतंत्रता में 85 प्रतिशत योगदान आर्यसमाज व आर्यसमाज से प्रभावित लोगों का रहा है। महात्मा वेदमुनि जी ने यज्ञोपवीत की अनिवार्यता, उपयोगिता व महत्व पर प्रकाश डाला। माता–पिता, गुरूजनों का सम्मान, सेवा–सुश्रुषा, प्राप्त ज्ञान का प्रचार व प्रसार करना एवं पर्यावरण की शुद्धि तथा प्रदूषण न करना और न करने देना यज्ञोपवीत के तीनसूत्रों का सन्देश है। स्वास्थ्य अधिकारी श्री श्याम लाल जी ने मलेरिया व डेंगू महामारी से बचाव के अनेक उपायों से हमें अवगत कराया। हम अपने कूलरों की सफाई, छतों पा डाले गये खाली बर्तनों आदि में रखे पानी को हटाना, गमलों में पानी इकठ्ठा ना होने देना आदि की ओर ध्यान आकर्षित किया। श्री हरबंस लाल अरोड़ा व श्री सन्दीप बत्रा जी ने भी अपने विचार प्रस्तुत किए। हम सड़क पर चलते हुए सड़क नियमों का पालन करना सीखें। स्कूल प्रबन्धक श्री जीतेन्द्र चावला व श्रीमती शालिनी चावला ने सभी अतिथियों व अभिभावकों का आभार व धन्यवाद किया। सभी को श्री कृष्ण जन्माष्टमी व स्वतन्त्रता दिवस की शुभकामनाएं दी। आर्यनेता श्री हरिचन्द स्नेही जी ने कुशल मंच का संचालन किया और सभी छात्रों को उत्तम शिक्षा के साथ–साथ अच्छे सस्कारों के प्रदान करने के महान उद्देश्य को सामने रखा, इसके लिये प्रिंसीपल श्रीमती सीमा शर्मा व उनकी समस्त शिक्षक टीम की भूमिका की सराहना की। इस अवसर पर दिल्ली प्रदेश महामंत्री श्री अरुण आर्य, नरेला मण्डल अध्यक्ष श्री तुषार आर्य, श्री विकास, शैलेन्द्र आदि प्रमुख गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

# फरीदाबाद में यज्ञोपवीत संस्कार सम्पन्न




फरीदाबाद,सोमवार 11 अगस्त 2025, केन्द्रीय आर्य युवक परिषद् के तत्वावधान में श्रद्धा मंदिर स्कूल ग्रेटर फरीदाबाद में युवा संस्कार समारोह सम्पन्न हुआ जिसमें लगभग 400 छात्रों ने यज्ञ करके यज्ञोपवीत धारण किया। मुख्य अतिथि अनिल आर्य (राष्ट्रीय अध्यक्ष केन्द्रीय आर्य युवक परिषद) ने कहा कि युवाओं को अपनी भारतीय संस्कृति पर गर्व करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति सर्वश्रेष्ठ है। चरित्र वान युवा पीढ़ी ही राष्ट्र का आधार है। विद्यालय के प्राचार्य डॉ. गजराज सिंह आर्य ने कहा कि हम चरित्र निर्माण पर जोर देते हुए नई पीढ़ी को तैयार कर रहे हैं बिना संस्कारों व्यक्ति पशु समान है। परिषद के राष्ट्रीय महासचिव महेन्द्र भाई ने कहा कि यज्ञ सर्वश्रेष्ठ कार्य है। आचार्य सतीश सत्यम ने ओजस्वी गीतो से जोश भर दिया।कार्यक्रम का शुभारंभ आयुष्मान शास्त्री ने यज्ञ के साथ किया। प्रमुख रूप से जितेंद्र सिंह आर्य, वीरेंद्र योगाचार्य, मूलचंद आर्य राजकुमार आर्य आदि उपस्थित थे। जिन छात्रों व अध्यापकों ने पूरा वर्ष यज्ञोपवीत पहना उन्हें सम्मानित किया गया।

# नरेला दिल्ली में युवा संस्कार अभियान सफलापूर्वक सम्पन्न




रविवार 10 अगस्त 2025, केन्द्रीय आर्य युवक परिषद के तत्वावधान श्रावणी पर्व पर नरेला दिल्ली में युवा संस्कार अभियान सफलता पूर्वक सम्पन्न हुआ। दिल्ली प्रदेश के प्रान्तीय महामंत्री अरुण आर्य ने कुशल संचालन किया।

# आर्य समाज देवनगर में युवा संस्कार समारोह सम्पन्न




रविवार 10 अगस्त 2025, केन्द्रीय आर्य युवक परिषद के तत्वावधान में आर्य समाज देव नगर करोल बाग दिल्ली में युवा संस्कार समारोह सम्पन्न हुआ। राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल आर्य को सम्मानित करते हुए प्रधान सुशील बाली, मंत्री रमेश बेदी।

# विश्वास नगर में युवा संस्कार सम्पन्न




आर्यन क्लासिक विश्वास नगर दिल्ली में प्रीति व महेश भार्गव के संयोजन में आचार्य महेन्द्र भाई के ब्रह्मत्व में यज्ञ हुआ।

# राधा भारद्वारज, दशरथ भारद्वाज व अनिल आर्य सम्मानित




टाटा पावर सुल्तानपुरी दिल्ली में समाजसेवी राधा भारद्वाज व दशरथ भारद्वाज को सम्मानित करते अनिल आर्य व आचार्य महेन्द्र भाई। द्वितीय चित्र में आर्य समाज वजीर पुर जे जे कॉलोनी दिल्ली में युवा संस्कार समारोह में अनिल आर्य को सम्मानित करते प्रधान आचार्य प्रेम पाल शास्त्री, मंत्री भूदेव आर्य, कुंवर पाल शास्त्री.. संचालन करते संतोष शास्त्री. व्यवस्था वीरेश आर्य ने संभाली।

# यशपाल आर्य का अभिनंदन व आर्य समाज गुड़ मंडी में यज्ञोपवीत संस्कार सम्पन्न




रविवार 10 अगस्त 2025 केन्द्रीय आर्य युवक परिषद के तत्वावधान में श्रावणी पर्व पर युवा संस्कार समारोह का आयोजन किया गया। चित्र में प्रधान यशपाल आर्य का अभिनंदन करते अनिल आर्य,मोहिनी देवी, नरेंद्र आर्य व अवधेश प्रताप सिंह। द्वितीय चित्र में आर्य समाज गुड़ मंडी आदरणीय अनिल जी की प्रेरणा से बच्चों को यज्ञोपवीत संस्कार करवाया गया। गुड़ मंडी समाज के पुरोहित श्री वेद प्रकाश शास्त्री ने बहुत अच्छे प्रकार संस्कार के महत्व पर प्रकाश डाला।

# जम्मू व जयपुर में युवा संस्कार सौल्लास सम्पन्न




दिनांक 13 अगस्त 2025 को प्रोजक्ट माडल स्कूल में आर्य समाज जानीपुर कालौनी द्वारा उपनयण संस्कार का आयोजन बड़े ही हर्षोउल्लास में किया गया। इस आयोजन में स्कूल के बच्चों तथा अध्यापको ने भाग लिया तथा विद्यालय के मुख्यअध्यापक जी मुख्य यजमान के रूप में सुशोभित रहे और सुभाष बब्बर व कपिल बब्बर ने कुशल संचालन किया। द्वितीय चित्र में केन्द्रीय आर्य युवक परिषद राजस्थान के तत्वावधान में जयपुर में युवा संस्कार संपन्न हुआ यश पाल यश ब्रह्मा रहे व प्रदेश अध्यक्ष डॉ प्रमोद पाल ने कुशल संचालन किया।




रविवार 3 अगस्त 2025, केन्द्रीय आर्य युवक परिषद के तत्वावधान में वृन्दावन ग्रीन साहिबाबाद में युवा संस्कार में ओमेन्द्र आर्य को सम्मानित करते अनिल आर्य, साथ में देवेन्द्र आर्य बंधु ,कृष्ण कुमार यादव, प्रवीन आर्य आदि, कुशल संचालन सुरेश आर्य ने किया। द्वितीय चित्र में आर्य समाज संदेश विहार दिल्ली में युवा संस्कार समारोह सम्पन्न हुआ प्रधान दुर्गेश आर्य ने कुशल संचालन किया। वरुण आर्य ने व्यवस्था संभाली।




आर्य समाज गुड़ मंडी दिल्ली में युवा संस्कार संपन्न हुआ प्रधान वीरेंद्र आहूजा ने कुशल संचालन किया।
परिषद अध्यक्ष अनिल आर्य, पार्षद वीकेश सेठी, पूर्व विधायक कवर कर्ण सिंह, ओम सपरा आदि उपस्थित थे।

सम्पादक: **अनिल कुमार आर्य** द्वारा केन्द्रीय आर्य युवक परिषद् के लिए **मंयक प्रिंटर्स**, 2199/63,नाईवाला, करोलबाग, दिल्ली-5 दूरभाष : 41548503 **मो.:** 9810580474 से मुद्रित व परिषद् कार्यालय आर्य समाज टी-176-177, कबीर बस्ती, दिल्ली-7 से प्रकाशित, **प्रबन्धक :** दिनेश आर्य, मोबाइल : 9911587765, देवेन्द्र भगत, मोबाइल : 09958889970